हमने तुम्हारी याद को दिल में बसा लिया है

हमने तुम्हारी याद को दिल में बसा लिया है,
सोए हुए नसीब को फिर से जगा लिया है॥

बिगड़ी बनाने वाले हो, बिगड़ी संवार दो,
सुनते हैं जो गिरा उसे, तूमने उठा लिया है॥
हमने तुम्हारी याद को दिल में बसा लिया है।

दर पे तुम्हारे आ गये, अब तूम ही संभालना,
सजदे को जिन्दगी का, सहारा बना लिया है॥
हमने तुम्हारी याद को दिल में बसा लिया है।

ओ सांवरे ओ सांवरे, तिरछी तेरी नजर है,
मुरली की तेरी तान ने, पागल बना दिया है॥
हमने तुम्हारी याद को दिल में बसा लिया है।

साकी ने जाम ऐसा, हमको पिला दिया है,
दिवाना तेरा बनाके, पागल बना दिया है॥
हमने तुम्हारी याद को दिल में बसा लिया है.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24116/title/humne-tumhari-yaad-ko-dil-me-basa-liya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |